प्रेस नोट/सराहनीय कार्य-
(पत्रांक-89/2025 दिनांक 30.03.2025)
दिनांक-30.03.2025 को जनपद कुशीनगर पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य-

थाना कसया पुलिस टीम द्वारा बिछड़े हुए बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को किया गया सुपुर्द-

आज दिनांक 30.03.2025 को एक महिला निवासिनी तीर्थ राज नगर थाना कसया जनपद कुशीनगर जो अपने 03 वर्षीय बच्चे को लेकर इलाज हेतु कसया जा रही थी कि रास्ते में विशुनपुरा कट के पास बच्चा अपनी मां से बिछड़ गया। महिला द्वारा बच्चे के खो जाने की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पर थाना कसया पुलिस टीम द्वारा एक घंटे के अंदर बच्चे को खोज कर उसके परिजन को सकुशल सुपुर्द किया गया। बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा कुशीनगर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

बरामद करने वाली टीम-
1. प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी थाना कसया जनपद कुशीनगर
2. चौकी प्रभारी कुशीनगर गौरव शुक्ल थाना कसया जनपद कुशीनगर
3. का0 राहुल पांडेय थाना कसया जनपद कुशीनगर
4. म0का0 पूनम गौड थाना कसया जनपद कुशीनगर

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के निर्देशन में "ईद-उल-फितर त्योहार" को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत थाना हनुमानगंज पर की गयी पीस कमेटी मीटिंग"-

पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में आज दिनांक 30.03.2025 को "ईद-उल-फितर त्योहार" को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत थाना हनुमानगंज पर "पीस कमेटी" की मीटिंग की गयी। मीटिंग में पुलिस व धर्मगुरुओं द्वारा लोगों से अपील की गयी कि-
👉 सभी लोग ईदगाह में ही नमाज पढ़े, सड़क पर कोई भी नमाज न पढ़े यदि ईदगाह में जगह कम है तो कई पालियों में नमाज पढ़ें।
👉कोई भी किसी तरह की काला पट्टी/बैण्ड इत्यादि न बांधे और न ही धरना प्रदर्शन करें।
👉 जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें

Edit with WPS Office

जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों तथा किसी भी प्रकार की भडकाऊ/गलत/अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें, जनपदीय पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी की जा रही है।
👉 सभी लोग त्यौहार को हर्षोल्लास से मनायें साथ ही प्रशासन के निर्देशों का भी अनुपालन करें। निर्देशों का पालन करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

शान्ति भंग में की गयी निरोधात्मक कार्यवाही-
जनपद कुशीनगर के विभिन्न थानों की पुलिस द्वारा 18 नफर अभियुक्तों को शान्ति भंग में गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गयी।

कार्यवाही एक नजर में=
1- मोटर वाहन अधिनियम में की गयी कार्यवाही-सीज-03, ई-चालान-51 वाहन
2- 126/135 बीएनएसएस में की गयी कार्यवाही-मु0-62, व्यक्ति-185
3- वांछित/वारंटी/अन्य अपराधों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी-(00)
4- जनपद में कुल गिरफ्तारी−(कुल-27)

सोशल मीडिया सेल
जनपद कुशीनगर

Edit with WPS Office